# मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–II)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

# PSYCHOLOGY (PAPER–II)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* रक्षा कर्मियों के चयन के लिए उपयोग किए जाने वाले मनोवैज्ञानिक परीक्षणों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the psychological tests used for the selection of defence personnel.

*(b)* कार्यस्थल पर लिंग-अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

What are the steps to be taken to promote gender-friendly environment at workplace?

*(c)* एक मनोवैज्ञानिक परीक्षण को विश्वसनीय बनाने की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए।

Describe the different methods for making a psychological test reliable.

*(d)* एच०आइ०वी०/एड्स रोगियों के पुनर्वास में सामाजिक एजेंसियाँ क्या भूमिका निभाती हैं?

What roles do the social agencies play in the rehabilitation of HIV/AIDS patients?

*(e)* सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए सामुदायिक मनोविज्ञान की भूमिका पर चर्चा कीजिए।

Discuss the role of community psychology for handling community mental health problems.

**2.** *(a)* अधिगम अक्षमताओं (लर्निंग डिसएबिलिटीस्) वाले बच्चों के प्रशिक्षण के लिए उठाए जाने वाले प्रमुख चरणों की व्याख्या कीजिए।

Explain the major steps to be taken for the training of children with learning disabilities. 15

*(b)* जीवन में विद्यार्थियों की सफलता को बढ़ाने में कैरियर परामर्श (काउन्सलिंग) के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

Highlight the importance of career counseling in enhancing students' success in life. 15

*(c)* सामाजिक परिवर्तन के लिए समूह निर्णयन क्यों महत्त्वपूर्ण है? समूह निर्णय लेने की प्रक्रिया के दौरान क्या त्रुटियाँ और अभिनतियाँ (बायसेस्) होती हैं?

Why is group decision making important for social change? What errors and biases occur during the process of group decision making? 20

**3.** *(a)* व्यक्तित्व मूल्यांकन के लिए विभिन्न प्रकार के मनोवैज्ञानिक परीक्षण कौन-से हैं?

What are the different types of psychological tests for personality assessment? 15

*(b)* संज्ञानात्मक चिकित्सा के प्रमुख सिद्धांतों का वर्णन कीजिए। इसकी तुलना मनोविश्लेषणात्मक चिकित्सा से कीजिए।

Describe the main tenets of cognitive therapy. Compare it with psychoanalytic therapy. 15

*(c)* क्या पूर्वाग्रह अपरिहार्य है? जाति पूर्वाग्रह को कम करने की प्रविधियों (तकनीकों) पर चर्चा कीजिए।

Is prejudice inevitable? Discuss the techniques for reducing caste prejudice. 20

4. *(a)* संगठनों में सत्ता कुछ व्यक्तियों के हाथों में कैसे केंद्रित होती है? सत्ता हासिल करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली युक्तियों पर चर्चा कीजिए।

How does power in organizations tend to concentrate in the hands of a few persons? Discuss the tactics used to gain power. 15

*(b)* वंचित समूहों से संबंधित छात्रों के विकास के लिए उनको अभिप्रेरित करने वाली रणनीतियों के बारे में लिखिए।

Write about the strategies for motivating students belonging to disadvantaged groups for their development. 15

*(c)* दुश्चिंता विकार के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। ऐसे रोगियों के उपचार के व्यवहारात्मक उपागम क्या हैं?

Describe the different types of anxiety disorders. What are the behavioural approaches to treat such patients? 20

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* भारत में कार्य संगठन के अंदर कार्य अभिप्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारकों की व्याख्या कीजिए।

Explain the factors affecting the work motivation within work organization in India.

*(b)* वंचित समूह का एक सदस्य होने के क्या परिणाम होते हैं?

What are the consequences of being a member of disadvantaged group?

*(c)* मनोविश्लेषक द्वारा अचेतन अभिप्रेरकों को चेतन में लाने के लिए उपयोग की जाने वाली विधियों पर चर्चा कीजिए।

Discuss the methods used by a psychoanalyst to bring unconscious motives into conscious.

*(d)* पर्यावरण-अनुकूल व्यवहार को उत्प्रेरित करने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

Elaborate upon the strategies for inducing pro-environmental behaviour.

*(e)* मनोदशा विकारों से आप क्या समझते हैं? कारणों की चर्चा कीजिए।

What do you understand by mood disorders? Discuss the causes.

6. *(a)* स्वयं-पूरक भविष्यवाणी (सेल्फ-फुलफिलिंग प्रोफेसी) कैसे कार्य करती है? वर्णन कीजिए कि भारतीय संदर्भ में लिंग अभिनति कैसे स्वयं-पूरक भविष्यवाणी का एक उदाहरण है।

How does a self-fulfilling prophecy work? Describe how the gender bias is an example of self-fulfilling prophecy in Indian context. 15

(b) टीम खेलों, जैसे हॉकी में प्रदर्शन सुधार के लिए मनोवैज्ञानिक हस्तक्षेपों पर विस्तार से चर्चा कीजिए।
Elaborate on psychological interventions for improving performance in team games like hockey. 15

(c) विज्ञापन के मनोविज्ञान से आप क्या समझते हैं? विज्ञापन के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता को कैसे बढ़ाया जा सकता है?
What do you understand by psychology of advertising? How can consumer awareness be enhanced through advertising? 20

**7.** (a) उच्च जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्र में रहने के मनोवैज्ञानिक परिणामों पर प्रकाश डालिए।
Highlight the psychological consequences of living in high population density area. 15

(b) उद्यमी व्यवहार की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। इसे युवाओं में कैसे प्रोत्साहित किया जा सकता है?
Illustrate the characteristics of entrepreneurial behaviour. How can it be promoted among the youth? 15

(c) किशोरों के व्यवहार पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रभाव का वर्णन कीजिए।
Describe the impact of electronic media on the adolescents' behaviour. 20

**8.** (a) सामाजिक संघर्षों के रूप क्या हैं? सामाजिक संघर्षों के समाधान के तरीकों की व्याख्या कीजिए।
What are the forms of social conflicts? Explain the methods of resolution of social conflicts. 15

(b) पोस्ट-कोविड-19 महामारी को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन सीखने के फायदे और नुकसान पर चर्चा कीजिए।
In the light of post-COVID-19 pandemic, discuss the advantages and disadvantages of online learning. 15

(c) मानसिक रूप से विकलांग बच्चों की शीघ्र पहचान की क्या आवश्यकता है? प्रारंभिक हस्तक्षेप के लिए रणनीतियों के बारे में लिखिए।
What is the need of early identification of mentally challenged children? Write about the strategies for early intervention. 20

★ ★ ★